सीएमसीएलडीपी छात्राओं की पहल से हुआ परिवर्तन

# वर्षों पुरानी जलदाग की परम्परा को तुड़वाकर अग्निदाग से करवाया दाह संस्कार

धार जिले के विकासखण्ड मनावर के ग्राम करोंदिया के बघेलपुरा के निवासी किसी भी व्यक्ति के मृत हो जाने पर गांगली घाट पर (माँ नर्मदा किनारे) जलदाग कर शव का अंतिम संस्कार करते आ रहे थे। ''नमामि देवि नर्मदे'' नर्मदा सेवा यात्रा–2016 के प्रचार प्रसार के दौरान मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थी अमीचंद मुवेल एवं मनीषा बघेल ग्राम में यात्रा संबंधी जानकारियाँ ग्रामीणों को दे रहे थे। इसी बीच उनको जानकारी मिली कि बघेलपुरा में बोंदरीबाई का निधन हो गया है। उन्होंने यह जानकारी तत्काल परिषद के जिला एवं विकासखण्ड समन्वयक को दी। जिला समन्वयक महेन्द्रपाल सिंह भाटी ने कलेक्टर को जानकारी उपलब्ध कराई। कलेक्टर ने तत्काल निर्देश दिया कि शव का अंतिम संस्कार अग्निदाग के रूप में ही करवाये, ताकि वर्षों पुरानी परम्परा को तोड़कर ग्रामीण माँ नर्मदा के प्रति आस्थावान श्रद्धा भाव रखें और माँ नर्मदा को दूषित होने से बचायें। निर्देश का पालन करते हुए विकासखण्ड समन्वयक ने जनपद सीईओ मनावर को जानकारी देकर पंचायत सचिव, करोंदिया प्रवीण दुबे, प्रस्फुटन समिति के सदस्य शिवराम मण्डलोई एवं सरपंच प्रतिनिधि औंकार को लेकर बोंदरीबाई के निवास पर पहुँचे। वहाँ जाकर बोंदरीबाई के पति सीताराम, पुत्र मडिया और फूलसिंह को समझाईश दी तथा ग्रामीणों से निवेदन किया कि वर्षों से चली आ रही पुरानी परम्परा को तोड़ते हुए जलदाग के स्थान पर अग्निदाग के द्वारा बोंदरीबाई का अंतिम संस्कार किया जाए। पहले तो परिवार के लोग, रिश्तेदार, ग्रामीण नहीं माने, लेकिन बार–बार प्रयास करने पर माँ नर्मदा की स्वच्छता के लिए सभी ग्रामीणों और परिवार के लोगों ने अग्निदाग के लिए अपनी सहमति प्रदान की। इसके बाद जनसहयोग से लकडी एकत्रित की गई। बोंदरीबाई के शव को विधि विधान के साथ माँ नर्मदा किनारे गांगली घाट पर हिन्दू रीति–रिवाज से अग्निदाग किया गया।



**महेन्द्रपाल सिंह भाटी**
जिला समन्वयक धार, म.प्र.ज.अ.प.

# सैनिकों के परिवारों की सहायता के लिये रैली का आयोजन

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों के परिवारों की सहायता के लिए बैतूल जिले के घोड़ाडोंगरी विकासखण्ड में एक रैली का आयोजन किया गया। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय में समाप्त हुई। इसमें नगर के समस्त गणमान्य नागरिकों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इस रैली में 1 व्यक्ति 1 रुपये का लक्ष्य लेकर विद्यार्थियों ने रैली निकाली, जिसमें 2525 रुपये एकत्रित हुए, जिसको तहसीलदार के माध्यम से आर्मी वेलफेयर फण्ड बेटल कैजुअल्टी खाता क्रमांक 90552010165915 सिंडीकेट बैंक नई दिल्ली में जमा की गई।

